# आग से लड़ने की बढ़ेगी ताकत, 10,743 दमकलकर्मियों की जल्द होगी नियुक्ति

## दमकल विभाग में नए पदों पर भर्ती के प्रस्ताव को केंद्रीय गृह मंत्रालय से मिली मंजूरी

मोहम्मद साकिब • जागरण

**नई दिल्ली:** राजधानी में लगातार सामने आ रहे बड़े अग्निकांडों और दमकल विभाग में लंबे समय से चली आ रही कर्मचारियों की कमी को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) में 10,743 नए पदों पर भर्ती के प्रस्ताव को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। अब इस प्रस्ताव को अंतिम प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए दिल्ली सरकार के पास भेजा गया है। सरकार की मंजूरी मिलते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

चीफ फायर आफिसर एके मलिक के मुताबिक, विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी को देखते हुए करीब पांच महीने पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया था। गृह मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति ने समीक्षा करने के बाद 10,743 पदों पर भर्ती के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। दिल्ली सरकार से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद भर्ती संबंधी फाइल दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) को भेजी जाएगी। इसके बाद विज्ञापन जारी किया जाएगा और चयन प्रक्रिया शुरू होगी। चयनित अभ्यर्थियों को सीधे फायर स्टेशनों पर तैनात नहीं किया जाएगा, उन्हें पहले दिल्ली फायर सर्विस की विशेष ट्रेनिंग से गुजरना होगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद ही उनकी फायर स्टेशनों पर नियुक्ति होगी।



आग की घटना पर काबू पाते दमकलकर्मी • जागरण आर्काइव

**अब प्रस्ताव को अंतिम प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए दिल्ली सरकार के पास भेजा गया, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया**

### राजधानी के अग्निशमन विभाग में वर्तमान स्थिति

| | |
|---|---|
| कुल फायर स्टेशन | 71 |
| कुल दमकलकर्मी | 2480 |
| क्यूआरवी तैनात | 50 |
| आनरोड फायर टेंडर | 250 |

**71 फायर स्टेशनों में 18 आफिसर हैं तैनात:** दिल्ली के 71 फायर स्टेशनों के लिए कुल 90 स्टेशन आफिसर के पद मंजूर हैं, लेकिन अभी सिर्फ 18 स्टेशन आफिसर ही तैनात हैं। इसमें से भी 12 रिटायर होने वाले हैं। इससे विभाग के लिए इमरजेंसी के दौरान असरदार और तुरंत आग बुझाने की व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है।

### इन पदों पर होगी दमकल विभाग में नियुक्ति

| पद | नियुक्ति |
|---|---|
| स्टेशन आफिसर | 176 |
| सब आफिसर | 294 |
| लीडिंग फायरमैन | 776 |
| फायर आपरेटर | 3823 |
| डिप्टी चीफ फायर आफिसर | 4 |
| डिविजनल आफिसर | 11 |
| असिस्टेंट डिविजनल आफिसर | 32 |
| इमरजेंसी रेस्क्यू | 3546 |
| स्टाफ ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) | 294 |
| प्रवर्तन, निरीक्षण एवं प्रशासनिक कार्य | 170 |
| सर्च एंड रेस्क्यू कंपनी | 44 |
| कम्युनिकेशन, आटोमोबाइल वर्कशाप, लीगल, आइटी, आपरेशन बैंड आदि | 420 |
| मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) | 1153 |